Regarding need to upgrade State Highway No. 26 and 02 as National Highways in Rajasthan-laid

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर) **:** संसदीय क्षेत्र अजमेर में स्टेटहाईवे संख्या 26 जो वर्तमान में एन.एच 79 के समीप नसीराबाद बाईपास किमी 20 से प्रारंभ होकर सरवाड़-केकड़ी-सावर होते देवली तक जाकर एन.एच.12 टोंक-कोटा मार्ग किमी 167 पर मिलता है, इस स्टेटहाईवे 26 की कुल लम्बाई 99 किमी है । जिसकी वर्तमान केरिजवे 7 मीटर चौड़ाई में है और एन.एच 79 को एन.एच 12 से आपस में मिलाता भी है । वहीं स्टेटहाईवे संख्या 2 जो वर्तमान में दौसा से कुचामन वाया लालसोट-चाकसू-फागी-मौजमाबाद-दूदू-नरैना एवं सांभर होते हुए जाता है । उक्त स्टेटहाईवे मार्ग पूर्वी राजस्थान के दौसा-भरतपुर को पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर संभाग के नागौर को भी जोड़ रहा है । मान्यवर, इस प्रकार दोनो स्टेटहाईवे से वाहन चालकों को अत्यधिक समय, ईंधन एवं धन में मितव्ययता हो रही है, इसके साथ ही अन्य राष्ट्रीय राजमार्गों पर ट्रेफिक का दबाव भी कम हुआ है । उक्त दोनो स्टेटहाईवे मार्ग पर आने जाने से आमजन एवं वाहन चालकों को अनावश्यक रूप से लम्बी दूरी का रास्ता भी तय नहीं करना पड़ रहा है । यदि उक्त दोनो स्टेटहाईवे को राष्ट्रीय राजमार्ग में उच्चीकृत कर दिये जाते है तो पश्चिमी राजस्थान के साथ-साथ पंजाब राज्य आदि आने-जाने वाले साधन सीधे भरतपुर-आगरा-कानपुर आ-जा सकेंगे वहीं दूसरी ओर अजमेर का सीधा कोटा होते हुए ग्वालियर से कम दूरी होने के साथ-साथ सीधा जुड़ाव भी हो जाएगा । अतः स्टेटहाईवे सं.26 नसीराबाद-केकडी-देवली एंव स्टेटहाईवे सं.02 दौसा-दूदू-नागौर को अविलम्ब राष्ट्रीय राजमार्ग में उच्चीकृत कराने की घोषणा कर मुझे अनुग्रहित करें ।